# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/9266/2026 दिनांकः 08 जनवरी, 2026

सेवा में, **महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**Click here to join the meeting.**

**विषयः– तकनीकी कमियों के कारण ABC/APPAR ID निर्मित न होने वाले छात्र/छात्राओं से सम्बन्धित समस्या निवारणार्थ आनलाईन प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के **पत्र संख्या– 2466/सत्तर–3–2025–70–1937171, दिनांकः 12 सितम्बर, 2025** का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय व सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के ABC/APPAR ID बनाये जाने हेतु आहूत आनलाईन बैठक में दिये गये निर्देशानुसार– ऐसे छात्र–छात्राएँ, जिनकी ABC/APPAR ID नहीं बनी है, उनका माह–सितम्बर, 2025 के अन्त तक ABC/APPAR ID बनाकर डाटा उपलब्ध कराया जाय।

तत्क्रम में विश्वविद्यालय के **पत्रांक – जे0एन0सी0यू0/सा0प्र0/8845/2025 दिनांकः 16 सितम्बर, 2025** के माध्यम विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को निर्देशित किया गया था कि दिनांकः 25 सितम्बर, 2025 तक संलग्न सूची में वर्णित छात्र/छात्राओं का यथासंशोधित विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें, **अन्यथा की दशा में इन छात्र/छात्राओं का आगामी परीक्षा परिणाम घोषित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसकी समस्त जिम्मेंदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।** ध्यातव्य है कि उपरोक्तानुक्रम में अभी तक अनेकों महाविद्यालयों द्वारा यथावांछित सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है एवं कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अपूर्ण विवरण उपलब्ध कराया गया है।

अतः ऐसे समस्त महाविद्यालय, जिनके छात्र/छात्राओं का **ABC/APPAR ID तकनीकी कमियों के कारण अभी तक नहीं बनी है अथवा अपूर्ण है, के समस्या निवारणार्थ विश्वविद्यालय द्वारा दिनांकः 09 जनवरी, 2026 को अपराह्नः 01:00 बजे एक आनलाईन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कृपया उक्त बैठक में ABC/APPAR ID के अधिकारी एवं तकनीकी सहायक के साथ ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।**

संलग्नकः यथोक्त।

**नोटः– ध्यातव्य है कि निर्देशानुसार लम्बित ABC/APPAR ID वाले समस्त छात्र/छात्राओं का संशोधित विवरण प्रत्येक दशा में दिनांकः 12 जनवरी, 2026 तक विश्वविद्यालय को प्राप्त कराया जाना अनिवार्य है।**

**(डॉ0 छबिलाल)**
**नोडल अधिकारी, छात्रवृत्ति पोर्टल**

**(एस0 एल0 पाल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यककार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. माननीय कुलपति जी।
02. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
03. सम्बन्धित पत्रावली।

**कुलसचिव**

**ABC/APPAR ERROR EXCEL SHEET LINK**

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com